# डंपर ने छात्राओं को कुचला, एक की मौत

## राजगढ़ में ढलान पर लुढका डंपर, एक छात्रा गंभीर, कॉलेज से छात्रावास जा रही थी दोनों छात्राएं

**बिना चालक के ढलान पर खड़ा डम्पर लुढका, 300 फीट तक लुढकते हुए खाई में जा पहुंचा**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 मार्च, का. सोमवार को जिला मुख्यालय राजगढ़ में हुए एक दर्दनाक हादसे में डम्पर की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई जबकि एक अन्य छात्रा गंभीर रुप से घायल हो गई. ढलान पर बिना चालक के खड़ा डम्पर एकाएक लुढका जिसने राह जा रही दो छात्राओं को चपेट में ले लिया. डम्पर की चपेट में आने से एक कार एवं कुछ पेड़ भी क्षतिग्रस्त हो गये.**

जानकारी के अनुसार राजगढ़ स्थित नाका नं 3 दरगाह गेट के सामने एक डंपर खड़ा हुआ था जो कि एकाएक ढलान पर लुढकने लगा. डंपर ने सड़क पर जा रही कॉलेज की छात्रा नन्दनी पिता वल्लभ निवासी ग्राम भादाहेड़ी तहसील खिलचीपुर तथा सुमन वर्मा पिता रामचरण वर्मा निवासी ग्राम पीपल्या रसोड़ा तहसील नरसिंहगढ़ को अपनी चपेट में ले लिया. दोनों छात्राओं को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक द्वारा छात्रा नन्दनी को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि एक अन्य घायल छात्रा सुमन का उपचार जारी है.



### कॉलेज से छात्रावास जा रही थी छात्राएं

जानकारी के अनुसार दोनों छात्राएं नन्दनी और सुमन वर्मा राजगढ़ स्थित अनुसूचित जाति जनजाति महाविद्यालय बालिका छात्रावास में रहकर शासकीय कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है. रोजाना की तरह कॉलेज की बस से छात्राएं प्रात: 11 .25 बजे कॉलेज के लिए निकली थी . कॉलेज से पढ़ाई कर जब यह वापस छात्रावास आ रही थी तभी यह घटना हो गई .

**पेड़ तोड़ते हुए कार को टक्कर मारी** – जानकारी के अनुसार छात्राओं को टक्कर मारते हुए डम्पर ने 8 से 10 पेड़ो को तोड़ा तथा जनरल आरोग्य हॉस्पिटल के बाहर खड़ी हॉस्पिलट संचालक आशीष जोशी की कार को टक्कर मारते हुए डम्पर खाई में जा पहुंचा. लगभग 300 फीट तक डम्पर लुढका.

**बहनों में सबसे छोटी थी छात्रा** – हादसे में अपने प्राण गंवाने वाली छात्रा नन्दनी अपने परिवार में सात बहनों में सबसे छोटी थी. हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. छात्रा के निधन से छात्राा के गांव, कॉलेज एवं छात्रावास में गहरा शोक छा गया. हादसे की जानकारी लगते ही अधिकारीद्वय तुरंत मौके पर पहुंचे. हादसे में अपनी जान गंवाने वाली और घायल छात्रा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंधित है, मृतिका नंदनी 7 बहनों में सबसे छोटी लड़की थी. जानकारी के अनुसार करीब 8 वर्ष पूर्व उसके पिताजी बल्लभ सिंह का भी स्वर्गवास हो गया था. छात्रा की देखरेख उसकी मां केसर बाई ही कर रही थी.



**बिना चालक के खड़ा था डंपर** – जहां घटना हुई वहां पर काफी ढलान है, ऐसी जगह एक भारी भरकम डंपर बिना चालक के लापरवाही पूर्वक खड़ा कर रखा था जो एकाएक ढलान पर से लुढ़का. पुलिस द्वारा डम्पर के चालक की तलाश करते हुए यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर डम्पर किसका है और वह यहां कैसे और किन कारणों के चलते हुए खड़ा किया गया था. आरोग्य जनरल हॉस्पिटल के संचालक आशीष जोशी का कहना है कि छात्राओं को कुचलने के बाद डम्पर ने कार को टक्कर मारी और उसके बाद डंपर सड़क से नीचे खाई में जा उतरा. घटना के दौरान डम्पर में चालक नहीं था.

हैरान करने वाली बात यह है कि हर बड़े हादसे के बाद बायपास निर्माण को लेकर बयानबाजी और आश्वासन जरूर दिए जाते है, लेकिन कुछ ही दिनों में मामला फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है. सवाल यह है कि आखिर कब तक लापरवाही और राजनीतिक उदासीनता के कारण निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी ? क्या किसी बड़े जनाक्रोश या बड़ी त्रासदी का इंतजार किया जा रहा है? अब समय आ गया है कि जिम्मेदार लोग सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस निर्णय लेकर बायपास निर्माण को प्राथमिकता दे.

डंपर का ड्राइवर और हैल्पर थाने पर पहुंच गए है . हादसे के समय दोनों डंपर में नहीं थे, जिसकी पड़ताल सीसीटीवी के माध्यम से की है. दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है .

**टी .आई . मंजू मखोनिया, कोतवाली, राजगढ़**

### कब तक बलि चढ़ते रहेंगे निर्दोष

जिला मुख्यालय से गुजरने वाले करीब तीन किलोमीटर लंबे हाईवे मार्ग पर दिन भर भारी वाहनों से लेकर छोटे वाहनों तक की आवाजाही बनी रहती है. वाहनों की तेज रफ्तार और अव्यवस्थित यातायात के कारण इस मार्ग पर हादसे होते रहते है . आए दिन होने वाले इन हादसों में कुछ निर्दोष लोग अपनी जान तक गंवा चुके है, लेकिन जिम्मेदारों की नींद अब तक नहीं टूटी है. नवीन राजगढ़ बायपास निर्माण की मांग वर्षों से उठ रही है, परन्तु यह मुद्दा आज भी सिर्फ कागजों और बैठकों तक ही सीमित है . नगर के नागरिक, सामाजिक संगठन और कई जनप्रतिनिधि अलग-अलग मंचों से बार-बार बायपास के शीघ्र निर्माण की मांग कर चुके है ताकि नगर के बीच से गुजरने वाले भारी वाहनों का दबाव कम हो और हादसों पर रोक लग सके .

### कारण बताओ नोटिस जारी

**राजगढ़ 16 मार्च, का.** संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत योजनाओं की प्रविष्टि पोर्टल पर नहीं किए जाने को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाया. उन्होंने सीईओ जिला सहकारी बैंक, श्रम पदाधिकारी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. साथ ही योजना एवं आर्थिकी सांख्यिकी विभाग को भी संकल्प से समाधान अभियान के पोर्टल पर योजनाओं की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से नियमित रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए.

## एक नजर में

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का हुआ आयोजन

**राजगढ़ 16 मार्च, का.** जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन गतदिवस गीता मानस प्रचार समिति किया गया . कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के सदस्य सुरेन्द्र सक्सेना उपस्थित रहे . जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के सदस्य श्री सक्सेना ने उपभोक्ता अधिकार दिवस पर उपभोक्ताओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपेक्षा की, जो भी वस्तु क्रय करें उसका पक्का बिल विक्रेता से अवश्य लें यदि किसी वस्तु की गुणवत्ता में कोई दोष होता है तो क्रेता जिला उपभोक्ता फोरम राजगढ़ में न्याय प्राप्त करने के लिये शिकायत दर्ज करा सकते है . उपभोक्ता अधिनियम में बीमा कंपनी, मेडीकल क्लेम, पशु बीमा, किसानों को फसल की क्षति होने पर मिलने वाला बीमा भी आते है . यदि बीमा कंपनी सेवा में कोई कमी करती है . तो उपभोक्ता आयोग में अपनी शिकायत 5 लाख रूपए तक नि :शुल्क पेश कर सकते है . साथ ही उपभोक्ता के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया .कार्यक्रम को आयोजन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा किया गया . जिसमें प्रदर्शनी के रूप में एचपी गैस, पेट्रोल पंप, नापतौल विभाग की सक्रिय भूमिका रही .

### विक्रमोत्सव पर सूर्य उपासना कार्यक्रम

**राजगढ़ 16 मार्च, का.** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 19 मार्च को सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं. यह आयोजन सृष्टि आरंभ दिवस एवं वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के अवसर पर किया जाएगा . जारी निर्देशानुसार 19 मार्च को प्रात: 10 बजे सभी जिला मुख्यालयों में सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित होगा . आयोजन स्थल पर प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था के साथ ही कलाकारों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था जिला स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी . जिले के प्रमुख मंदिरों एवं स्थानों पर ब्रह्मध्वज स्थापित किए जाएंगे .

### फूल माली समाज के दो युवाओं का बैंक में चयन

**सारंगपुर 16 मार्च, सं .** शहर फूल माली समाज मोहल्ला खारिया वार्ड क्रमांक 1 निवासी कपिल पुष्पद पिता स्व . महेश पुष्पद एवं राजेश पुष्पद पिता राम नारायण पुष्पद दोनों युवाओं ने आईबीपीएस आरआरबी द्वारा आयोजित ऑफिस असिस्टेंट की परीक्षा दी थी . जिसका परीक्षा परिणाम में दोनों ही उच्च अंक हासिल कर परीक्षा उतरन की दोनों का मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में चयन हुआ है . इस उपलब्धि पर कपिल पुष्पद ने अपनी सफलता के पीछे अपनी माता सुनीता पुष्पद का विशेष योगदान बताया दोनों की उपलब्धि पर रामनारायण पुष्पद, पार्षद सिद्धूलाल पुष्पद, फूल माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, सकल पंच फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद, खारिया पंचायत अध्यक्ष रवि पुष्पद, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, रमेश सिसोदिया, जिला फूल माली समाज प्रवक्ता लोकेश पुष्पद, विनोद पुष्पद तलेनी, राहुल पुष्पद सहित अन्य समाज जनो ने बधाई शुभकामनायें दी .

# दूसरों के सुख से दु :खी होने वाला कभी सुखी नहीं रह सकता

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 16 मार्च, सं. नगर के पीला खाल खेल मैदान में सोमवार से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ हुआ. कथा के प्रथम दिन कथा प्रवक्ता प्रेमनारायण जी गेहूंखेड़ी वाले ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरों के सुख से दुखी होने वाला व्यक्ति कभी सुखी नहीं रह सकता. मनुष्य को हमेशा दूसरों की खुशी में खुश होना चाहिए, तभी जीवन में सच्चा आनंद मिलता है.**

उन्होंने कहा कि दुख किसी और का दिया हुआ नहीं होता, बल्कि मनुष्य अपने कर्मों और इच्छाओं के कारण स्वयं ही दुख का निर्माण करता है. यदि व्यक्ति अपने जीवन का सदुपयोग करे और अनावश्यक इच्छाओं को त्याग दे, तो जीवन में भी सुख मिलेगा और मृत्यु के बाद भी शांति प्राप्त होगी. कथा के दौरान उन्होंने महाभारत का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि माता कुंती भगवान श्रीकृष्ण की बुआ थीं. उन्होंने भगवान से दुख मांगा था. भगवान ने जब इसका कारण पूछा तो कुंती ने कहा कि दुख के समय ही उन्हें भगवान की याद आती है, इसलिए वे दुख मांग रही हैं. इससे यह संदेश मिलता है कि दुख भी मनुष्य को भगवान से जोड़ने का माध्यम बन सकता है. कथा से पहले वैष्णो देवी मंदिर से बैंड-बाजों के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। भागवत कथा का आयोजन 22 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा. कथा का यह आयोजन सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित किया जा रहा है. इस दौरान जिप अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, युवा नेता मोहन पंवार, निखिल राज सिंह, कमल सिंह लसुलड़िया, ललित सोलंकी सहित हजारों लोगों ने कथा श्रवण की.

# पेंशनर्स संगठन ने किया सिरोलिया का सम्मान

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 16 मार्च, सं.** रविवार नगर के कंडारा मोहल्ले में मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी सेवानिवृत शिक्षक गंगाराम सिरोलिया द्वारा संकल्प को लेकर सत्यनारायण भगवान कथा का आयोजन हुआ. जिसमें कथावाचक ने व्यापक रूप से भगवान विष्णु के सत्य स्वरूप की महिमा का वर्णन किया.

सत्यनारायण भगवान की कथा सुनने से व्यक्ति के जीवन में संकट मिट जाते हैं वह परिवार में सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है. इस मौके पर पेंशनर शाखा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार, सचिव नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, रामवचन सिंह कुशवाहा, रमेशचंद्र गुजरिया, जगदीश कुंभकार, सिद्धू प्रसाद धनगर सहित अन्य पेंशनर साथियों ने कथा व्यास पीठ का सम्मान कर आयोजन जी आर सिरोलिया को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र कर सम्मानित किया. इस मौके पर कैलाश नारायण सेन, यशवंत माली, अजय दुगरिया, मनोज शर्मा, ओम परमार, सुरेंद्र सिंह बिसेन, शंकर



लाल मालवीय, मनोज सेन, महेशपुर गोस्वामी सहित कई गणमान्य महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे.



# तलेन नगर का मामला, महिला के साथ अभद्रता

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 मार्च, का. तलेन में एक मकान की दीवार तोड़ने का विवाद थाने पहुंच गया. मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाईश दी लेकिन कुछ समय के लिए कौतूहल की स्थिति बन गई. विवाद में एक पक्ष ने दबंगाई दिखाते दूसरे पक्ष की गली की दीवार को तोड़ दिया. विरोध करने पर पर महिला के साथ अभद्रता करते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई.**

मामले को लेकर फरियादी मनोज कुमार पिता सत्यनारायण परतानी ने रविवार को पुलिस थाने में एक आवेदन दिया है. उक्त विडियो आज सोमवार का बताया जा रहा है. जिसमें पीड़ीत परिवार के मकान के दरवाजे को तोड़ा जा रहा है रोकने पर युना उर्फ युसूफ नाम के व्यक्ति द्वारा महिला साथ के अभद्रता करते नजर आ रहा है. महिला पीड़ति मनोज परतानी की धर्म पत्नी जामवंती है. जिसके साथ अभद्रता की गई है. उसी लेकर आज सोमवार को पीड़ित परिवार के साथ नगर के हिंदू संगठनों द्वारा थाने पहुंचकर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है. पुलिस प्रशासन द्वारा युसूफ खान उर्फ युना , सलमान,व सिद्दीकी लाल के खिलाफ बी एन एस की धारा 296(ड्ड),115(2) ,333,351(3),3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# कचरे, अव्यवस्थाओं से घिरा सार्वजनिक खेल मैदान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 मार्च, का.** नगर के एकमात्र शहीद कॉलोनी स्थित सार्वजनिक खेल मैदान क्लब ग्राउण्ड पर अव्यवस्थाएं हावी है, परीक्षाएं होते ही बच्चे खेल मैदान पर पहुंच रहे है किंतु मैदान में हो रहे गड्ढे, दरारें चलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और जोखिम बना रहता है. गौरतलब है कि नगर में क्लब ग्राउण्ड ही एकमात्र सार्वजनिक खेल मैदान है, जहां खिलाड़ी, बच्चे एवं आमजन पहुंचते है, लेकिन मैदान में जगह-जगह गड्ढे हो रहे है, दरारें चल रही है जिससे दुर्घटना का डर बना रहता है. यही नही यहां मवेशियों को भी विचरण करते हुए देखा जा सकता है जिनके दौडने् भागने से दुर्घटना का डर लगा रहता है.

**कचरे से पटा मैदान** – जहां मैदान अव्यवस्थित होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है तो वहीं मैदान पर यहां-वहां कचरा फैला हुआ देखा जा सकता है, जिसके कारण भी खिलाडियों को परेशानी होती है. मैदान में चहुंऔर कचरे से खेल गतिविधियां भी प्रभावित होती है.

**आने वाले दिनों में और बढ़ेगी चहल-पहल** – गर्मी की छुट्टी होते ही क्लब ग्राउण्ड पर पहुंचने वालो की संख्या कहीं अधिक होगी. गर्मियों के दिनों में यहां पर सुबह एवं शाम के समय बड़ी संख्या खिलाड़ी, बच्चे एवं युवा पहुंचते है.




# जनरेटर व बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

**माचलपुर 16 मार्च, सं.** थाना प्रभारी भोजपुर श्रीमती संगीता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जनरेटर अल्टीनेटर व इनवर्टर बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का सफलतापूर्वक खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी भोजपुर द्वारा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए गए. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दो विशेष टीमों का गठन किया गया. एक टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की गई तथा दूसरी टीम द्वारा लगभग 300 सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई. साथ ही साइबर सेल की मदद से महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्राप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई. गिरफ्तार आरोपियों में दिलीप पिता रामचरण जाटव, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम नारियाबे, हाल निवास मधु मिलन फैक्ट्री के सामने, ब्यावरा, संजय उर्फ बंटी पिता कैलाश मेवाड़े, उम्र 38 वर्ष, निवासी बैकुंठ मार्ग, ब्यावरा, अब्दुल रशीद उर्फ अल्लू पिता अब्दुल लतीफ, उम्र 45 वर्ष, निवासी पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने, ब्यावरा शामिल है. आरोपियों ने अपने शौक पूरे करने के उद्देश्य से चोरी की योजना बनाई थी. योजना के अनुसार अब्दुल रशीद उर्फ अल्लू का कार्य किराए की अर्टिगा कार लाना तथा अन्य आरोपियों को चोरी की जगह तक पहुंचाना था, जबकि दिलीप और संजय चोरी की वारदात को अंजाम देते थे.

**यहां की बैटरी की चोरी** –पहली चोरी बीते 27 फरवरी को की. आरोपियों ने ग्राम ढाबली थाना भोजपुर में दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा की दुकान से रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जनरेटर के 5 अल्टीनेटर चोरी कर लिए और उन्हें अर्टिगा कार में रखकर ब्यावरा लाकर सुठालिया बायपास स्थित शाहरुख कबाड़ी को बेच दिया. इसके बाद 08 मार्च को आरोपियों ने पुन: इसी तरीके से चोरी की योजना बनाई और उस्मान भाई के पोल्ट्री फार्म पहुंचे. यहां आरोपी अल्लू ने कार को सड़क किनारे गेहूं के खेत में छिपाकर खड़ा किया, ताकि किसी को वाहन दिखाई न दे. इसके बाद दिलीप और संजय ने वहां से एक जनरेटर का अल्टीनेटर एवं इनवर्टर की चार बड़ी बैटरियां चोरी कर अर्टिगा कार में रख लीं और पुन: ब्यावरा जाकर कबाड़ी को बेच दिया. आरोपियों से 02 अल्टीनेटर, 04 क्षतिग्रस्त अल्टीनेटर, 01 हथौड़ा, 01 कटर, 04 पाना आदि चीजें बरामद हुईं.

**सुविधा** — बुकिंग के कई दिन बाद भी गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी नहीं होने से चिंतित थे उपभोक्ता

# आखिरकार ब्यावरा में गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी शुरू

**सोमवार को सिलेंडर गाड़ी का दो लॉट आया, नगर के विभिन्न स्थानों पर वाहनों से की गई होम डिलेवरी**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 मार्च, का. कुछ दिनों से गैस सिलेंडर के लिए मची अफरा-तफरी के बीच आखिरकार सोमवार से नगर में सिलेंडर की होम डिलेवरी शुरु कर दी गई, इससे आसानी के साथ उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल सकेंगे.**

गौरतलब है कि बुकिंग के कई दिन बाद भी गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी नहीं होने से चिंतित उपभोक्ता सिलेंडर वितरण स्थल पर पहुंच रहे थे जिससे काफी परेशानी का सामना उनको करना पड़ रहा था. सोमवार को भी कई उपभोक्ता वितरण स्थल पर पहुंचे किंतु उन्हें यह कहते हुए वापस भेजा गया कि आपको घर ही होम डिलेवरी के रुप में सिलेंडर मिलेंगे. इसके बाद उपभोक्ता अपने घरो को वापस हो गये और होम डिलेवरी प्रारंभ कर दी गई.

**दो लॉट आये सोमवार को** – सोमवार को गैस सिलेंडर के दो लॉट आये. प्रत्येक लॉट में 342 सिलेंडर का स्टॉक होता है, इन सिलेंडर को 6 वाहनों के माध्यम से नगर के विभिन्न स्थानों पर होम डिलेवरी के लिए पहुंचाया गया. गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी से सिलेंडर पाने में काफी कुछ राहत मिल सकेगी.




### जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति सप्ताह के सभी दिनों में सुनिश्चित करने के निर्देश

**राजगढ़ 16 मार्च, का .** कलेक्टर डॉ . गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए गैस वितरक एजेंसियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं . जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि आमजनमानस के जीवन यापन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए जिले में एलपीजी गैस की नियमित एवं सुचारू आपूर्ति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है . इस संबंध में जिले की समस्त गैस वितरक एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सप्ताह के सभी दिनों में अपनी एजेंसियां खुली रखें तथा उपभोक्ताओं की बुकिंग के अनुसार एलपीजी गैस का वितरण सुनिश्चित करें . कलेक्टर डॉ . मिश्रा के निर्देशानुसार यह व्यवस्था जनहित को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, ताकि आम नागरिकों को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े .

